हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 21 अप्रैल 2025

06 बचपन में भजन घी के समान होता है - सुनील शास्त्री



07 पुंसवन संस्कार के साथ हुआ हवन, पूजन





## अवैध उत्खनन पर लगाम लगाने संवेदनशील बीट में लगवाए जा रहे सीसीटीवी कैमरे

# रात के 3 बजे निकला वन अमला, 85 जवानों ने की धरपकड़, 10 जेसीबी से तुड़वाई फर्सियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

वन विभाग ने उदयपुर के नीलकंठ मंदिर के पास पत्थर की अवैध खदानों पर बड़ी कर्रवाई की। कर्रवाई में दो ट्रक और तीन ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में 7 बीटों के वन विभाग के करीब 70 जवान लगाए गए। सूचना पर शनिवार की रात 3 बजे वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव कार्रवाई की पूरी रूपरेखा बनाई। इसमें 85 लोगों के स्टाफ को सक्रिय किया गया।

खननकर्ताओं तक सूचना न पहुंचे इसके लिए वह पहले सागर पहुंचे फिर राहतगढ़ में रुके। इसके बाद शनिवार सुबह चार बजे खनन स्थल पर पहुंचे और अवैध उत्खनन करने वालों पर छापेमारी कार्रवाई की गई। डीएफओ हेमंत यादव ने बताया कि करीब 10 जेसीबी की मदद से पत्थर और फर्सियों को नष्ट कराया गया।

उड़नदस्ता दल व वन मण्डलाधिकारी के हमराह की मौजूदगी में वन परिक्षेत्र बासौदा में वन चैकी भिलाय के अंतर्गत वन क्षेत्रो में अवैध पत्थर खदानो का निरीक्षण किया जिसमें बीट घटेरा, पधार, उदयपुर, भिलाय में गहन रूप से जांच की गई। जिसमें पाया गया कि अवैध पत्थर फर्शी का उत्खनन कर संग्रहित किया गया है।

जिलेभर में एक लाख हेक्टेयर में वन क्षेत्र में जो कुल जमीन का 12 प्रतिशत है। यह जंगल की जमीन है। डीएफओ ने बताया कि अवैध उत्खनन और सागौन की कटाई को रोकने के लिए संवेदनशील बीटों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुल 8 प्वाइंट को चयनित किया गया है। जिनमें से 4 स्थानों पर कैमरे लगाए जा चुके हैं। इन कैमरों की खास बात यह है कि यह सामान्य से बड़े हैं और सोलर सिस्टम से चलने वाले हैं। कैमरों से छेड़छाड़ करने पर अलार्म बजेगा या वह संबंधित व्यक्ति की फोटो और वीडिया भी बना लेगा। कैमरा ही कंट्रोल रूप तक मैसेज भी भेज देगा। इतना ही नहीं वन विभाग के अधिकारी कार्यालय में बैठकर ही कैमरे के माध्यम से अपनी सूचना भी पहुंचा सकेंगे। एक सिम कार्ड की मदद से यह सोलर सिस्टम वाले कैमरे संचालित किए जाएंगे।



### 4 वन रक्षक को निलंबित किया

लापरवाही बरतने पर चार वन रक्षकों को निलंबित किया गया है। इन रक्षकों ने अवैध खनन की सूचना विभाग को नहीं दी थी।

विदिशा। वन विभाग की कार्रवाई के दौरान मौके से दो ट्रक और तीन ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया गया है।

### कैमरे लगवा रहे

अवैध खनन और जंगल की कटाई रोकने के लिए संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जाएगी। आठ स्थान चिन्हित किए गए हैं। जिनमें से चार स्थानों पर कैमरे लगाए भी जा चुके हैं। जिनसे काफी मदद मिलेगी। कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। - **हेमंत यादव,** डीएफओ वन विभग विदिशा

# फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप की टिप्पणी पर ब्राह्मण समाज में आक्रोश



विदिशा। कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंचकर सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मणों पर गलत टिप्पणी की गई। इसके विरोध में रविवार को ब्राह्मण महापंचायत परशुराम सेवा दल द्वारा फोटो पर काली पोतकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

थाना सिटी कोतवाली में अनुराग कश्यप पर एफआईआर करने की मांग की। उन्होंने आवेदन में बताया कि अनुराग कश्यप द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ब्राह्मणों के बारे में अशोभनीय टिप्पणी का विरोध करते हुए ब्राह्मण समाज की मांग है कि कश्यप पर तत्काल एफआईआर की जाए। क्योंकि ब्राह्मणों की भावनाओं से खेलने ब्राह्मणों पर अनर्गल टिप्पणी करना समाज कतही बर्दाश्त नहीं करेगा। समाज ने बताया कि अनुराग कश्यप के खिलाफ समाज में अभद्रता फैलाना एवं इस तरह की टिप्पणी करना अशोभनीय है।

इस दौरान सुरेश दुबे, संतोष सागर, रमेश चौबे, राजेंद्र कटारे, रजनीश समाधिया, हरि ओम शर्मा, गोपाल भार्गव, मोनू दुबे, ध्रुव चतुर्वेदी, कपिल शर्मा, प्रियेश शर्मा, आशू राज पुरोहित, कृष्ण दीक्षित, अरविंद शर्मा, अरविंद भार्गव, सत्यम भार्गव, अभिषेक दुबे, विवेक दुबे, सचिन दुबे, राधेश्याम शर्मा, प्रदीप, शर्मा देव सनोतिया, नीरज भार्गव, नीरज शर्मा, अतुल शर्मा, गोविन्द भार्गव आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अरिहंत विहार में आज 3 घंटे बंद रहेगी बिजली

**विदिशा।** प्री मानसून आने से पहले बिजली कंपनी ने मेंटनेंस शुरू कर दिया है। जिसके चलते अरिहंत विहार 2 एवं अरिहंत हिल्स में मेंटनेंस कार्य किया जाएगा। इसके कारा सोमवार को सुबह 9.30 से दोपहर 12.30 बजे तक अरिहंत बिहार फेस वन, अरिहंत बिहार फेस टू एवं थ्री और अरिहंत बिहार फेस चार में बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### पंजीयन केंद्र स्थल की सूची उपलब्ध कराएं

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आमजन अपने आधार से संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए न भटकें ताकि ईकेवायसी में आधार जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेंजो के अभाव में ईकेवायसी प्रभावित न हो। कलेक्टर गुप्ता के दिए गए निर्देशों के पालन में सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों से उनके कार्यक्षेत्रों में आधार मशीन पंजीयन केंद्र संचालन के लिए स्थल का चिन्हांकन कर सूची उपलब्ध कराने आग्रह किया गया है।

### कलेक्टर ने किया जेल का निरीक्षण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने रविवार को जिला जेल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे भी मौजूद रहे। कलेक्टर गुप्ता ने जिला जेल में बंदियों से संवाद कर उन्हें मुहैया कराई जाने वाली बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ कानूनी मदद प्राप्ति के लिए किए गए प्रबंधो के संबंध में पूछताछ की है।

### जर्नलिस्ट यूनियन लटेरी इकाई अध्यक्ष बने प्रशांत



**लटेरी।** जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मप्र के प्रदेश अध्यक्ष अरुण सक्सेना की अनुशंसा पर प्रशांत कटियार को जम्प की लटेरी ब्लॉक इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं महासचिव सतीश श्रीवास्तव को बनाया गया है। वहीं स्थानीय पत्रकार शैलेंद्र रघुवंशी को जम्प की प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल करने पर जम्प टीम द्वारा शीर्ष नेत्रत्व का आभार व्यक्त किया गया है। इस अवसर पर जंप के सदस्यों द्वारा शरघुवंशी एवं कटियार का भव्य स्वागत कर शुभकामनाएं प्रदान की है।

### दुपारिया में 80 ट्रॉली भूसा जलकर राख

**विदिशा।** ग्राम दुपारिया में रविवार को आगजनी की घटना हुई। इस दौरान जगमोहन यादव का करीब 70 से 80 ट्राली गेहूं का भूसा जलकर राख हो गया। आग लगने के बाद भयंकर धुआं उठा। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया। जिलेभर में आगजनी की घटनाएं हो रही हैं। अब तक लाखों रुपए की फसल जलकर राख हो चुकी हैं। नरवाई में आग लगाने के कारण भी घटनाएं हो रही हैं।

### सौराई स्टेशन पर मिला 14 साल से लापता व्यक्ति



**विदिशा।** सौराई स्टेशन पर एक मानसिक रूप विक्षिप्त व्यक्ति मिला। रेलवे ने पड़ताल कराई तो वह बंगाल का निकला, जो करीब 14 साल से लापता था। 50 वर्षीय संजय मंडल को फिलहाल अपना घर आश्रम में रखा गया है। डिप्टी कलेक्टर मोहिनी शर्मा ने बताया कि संबंधित व्यक्ति के परिजनों के बारे में भी जानकारी लग गई है।

### छोटे स्टेशन के जीर्णोद्धार की योजना बनेः रायकवार

**विदिशा।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सदस्य रमेश रायकवार ने रेलमंत्री को पत्र भेजकर यात्री सुधिओं में बढ़ोतरी की मांग की है। रायकवार ने रेल मंत्री से मांग की है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जिस तरह से विदिशा व गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पर जीर्णोद्धार के काम किए जा रहे है। उसी तरह से क्षेत्र के छोटे रेलवे स्टेशनों पर भी निर्माण कार्य की योजना बने। छोटे रेलवे स्टेशनों प्लेटफार्मों की हाईट बढ़ाई जाए। जिससे महिला, बुजुर्ग, दिव्यांग व बच्चों को ट्रेन में सवार होने और उतरने में सुविधा हो।

### रामनारायण चतुर्वेदी का निधन



**विदिशा।** चैतन्य चतुर्वेदी शास्त्री धर्माधिकारी, स्व. सुधीर चतुर्वेदी, शशिमोहन चतुर्वेदी, हरिहर चतुर्वेदी, राजेश चतुर्वेदी, संजय चतुर्वेदी, नितिन कांत चतुर्वेदी के पिता जी पं. रामनारायण चतुर्वेदी (रिटा. पटवारी) का 19 अप्रैल की रात देवलोक गमन हो गया है। 20 अप्रैल रविवार को सुबह 9 बजे निज निवास लालापुरा नंदवाना से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। बेतवा के मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कारक हुआ।

**जॉब रोल्स प्रशिक्षण के लिए आवेदन 25 तकः** विदिशा। मध्यप्रदेश शासन का उत्कृष्ट संस्थान संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क के माध्यम से उच्च मांग वाले जॉब रोल्स के लिए प्रशिक्षण हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। आईटीआई प्राचार्य अनुराग प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि 6 पाठ्यक्रमों में 25-25 सीटों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें इलेक्ट्रॉनिक, मेकाट्रॉनिक्स टैक्नीशियन, कंक्रीटर, राजमिस्त्री, ब्रिकलेयर, सडक निर्माण और मेटर वर्कर शामिल है। प्रशिक्षण हेतु चयनित सभी उम्मीदवारो को प्रशिक्षण शत प्रतिशत निःशुल्क मुहैया कराया जाएगा। जानकारी के लिए 9981919733 या दूरभाष 0755-2706205 पर संपर्क किया जा सकता है।

**पोषण पखवाड़ा का आयोजन जारीः** विदिशा। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा जिले की सभी आंगनबाडी केन्द्रो पर पोषण पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। 23 अप्रैल तक जारी रहने वाले पखवाडा के दौरान आंगनबाडी केन्द्रो के माध्यम से प्रदाय सुविधाओं के साथ केन्द्र में दर्ज बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण व वजन लेकर पोषण स्तर का चिन्हाकन कर पोषण ट्रेक एप में इन्ट्री करने का कार्य किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत ने बताया कि पोषण पखवाडा के दौरान अन्न प्राशन किया जा रहा है। गर्भवती माताओं, धात्री माताओं एवं अन्य महिलाओं से चर्चा कर उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति सचेत करते हुए समय पर सभी जांचे अनिवार्य रूप से कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जांचों के अभाव में स्वास्थ्य के प्रति पड़ने वाले दूषित प्रभावों से भी अवगत कराया जा रहा है।

# सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने श्रमदान कर जीर्णोद्धार की अलख जगाई

## जीर्णोद्धार के लिए विधायक ने 5 लाख रुपए दिए



विदिशा। तालाब के गहरीकरण के लिए श्रमदान करते हुए विधायक शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जलगंगा संवर्धन अभियान की निहित बिन्दुओं की प्राप्ति के लिए और आने वाली पीढ़ी को प्रचूर जल मात्रा व जल स्त्रोत की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए विदिशा जिले में अभियान के तहत विशेष पहल की जा रही है।

सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने रविवार को ग्राम पगरानी के तालाब में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यो की शुरूआत करते हुए तालाब के जीर्णोद्धार की अलख जगाई हैं। उन्होंने स्वंय अपने हाथो से गैंती फावडा से तालाब के गहरीकरण को मूर्तरूप देने के कार्यो की शुरूआत की है।

### विधायकनिधि दी

सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने ग्राम पंचायत पगरानी के तालाब के सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार तथा पौधरोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्यो को सुव्यवस्थित रूप से मूर्तरूप देने के लिए आवश्यक राशि के प्रबंध सुनिश्चित कराए है। विधायक शर्मा ने इस दौरान विधायकनिधि से पांच लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस राशि से पगरानी के तालाब का कायाकल्प बदला दिखे ऐसे छोटे बडे सभी कार्य पूरे किए जाएं। आवश्यकता पडती है तो राशि और उपलब्ध कराई जाएंगी। विधायक उमाकांत शर्मा ने ग्रामवासियों से कहा कि अपने गांव के तालाब की देखरेख अपन से अच्छा और कोई दूसरा नहीं कर सकता है।




## जालोरी गार्डन में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# 131 विद्यार्थी और सेवानिवृत्त कर्मचारी को सम्मानित किया, शादियों में फिजूलखर्ची न करने की सलाह दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार को जालोरी गार्डन में कक्षा 10 और 12 के 131 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के साथ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश जाति-जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) ने शनिवार को जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया।

अजाक्स प्रदेश महासचिव गौतम पाटिल ने छात्रों को मेहनत और अनुशासन से पढ़ाई करने का संदेश दिया। जिला अध्यक्ष प्रोफेसर एस.एस. गोलियां ने कहा कि समाज की प्रगति केवल शिक्षा से संभव है। उन्होंने शादी-विवाह में फिजूलखर्ची न करने की सलाह दी। कार्यक्रम में विशेष उपलब्धि के लिए दातार सिंह खंगार को भी सम्मानित किया गया। पूर्व एसडीएम निशा बांगरे ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा हथियार है, जिससे समाज को बदला जा सकता है। उन्होंने सभी को बाबा साहेब आंबेडकर के बताए मार्ग पर चलकर समाज की उन्नति के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। यह सम्मान समारोह हर वर्ष बाबा साहेब अंबेडकर जयंती के बाद आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में पूर्व डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे, एस.एस. गोलिया, दातार सिंह, छुटकन लाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




विदिशा। कार्यक्रम के दौरान मधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### नगर में बिजली प्रदाय रहा बंद




**गंजबासौदा।** रविवार को 33 केव्ही फीडर का मेंटेनेंस कार्य होने के चलते सम्पूर्ण शहर की विद्युत सप्लाई सुबह 8 बजे से 11 बजे तक बंद रहा। वही बेहलोट सबस्टेशन पर अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर का कार्य होने के कारण बहलोट सबस्टेशन से निकलने वाले समस्त फीडर की विद्युत सप्लाई सुबह 8 बजे से दोपहर 4 बजे तक बंद रही। जिसके कारण गोकुल धाम बेहलोट रोड, इमली चौराह, लक्ष्मीनारायण मंदिर वाली गली, गिरी कंट्रोल वाली गली, जय पैलेश चंद्रप्रभुनगर, नई बस्ती, पुराना देहात थाना ,पंचमुखी हनुमान मंदिर,कालीपाठर, रेल्वे लाईन के पार की विद्युत सप्लाई बंद रही। बिजली बंद होने से उपभोक्ताओं को गर्मी के मौसम में बगैर पंखा, कूलर के असुविधाओं का सामना करना पड़ा।

### उदयपुर में कब्जा मुक्त हुए राजमहल के जीर्णोद्धार पर उठ रहे सवाल

# नटराज की विशाल प्रतिमा के इतिहास का इंटेक को नहीं पता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) का एक दावा उदयपुर वालों को रास नहीं आ रहा। इंटेक ने हाल ही में एक दावे में उदयपुर की एक प्राचीन और प्रसिद्ध नटराज प्रतिमा को 2022 में खंडहरों से निकलना बताया है। जबकि यह सत्य नहीं है।

यह मध्यप्रदेश का राज्य सरंक्षित स्मारक कई दशकों से है। न सिर्फ उदयपुर के स्थानीय लोग बल्कि बाहर से हजारों की संख्या में आने वाले पर्यटक इसे दशकों से देख रहे हैं। 27 फुट लंबी एक ही चट्टान पर उकेरी गई परमारकालीन यह प्रतिमा किसी खंडहर की खुदाई से बाहर नहीं आई है। यह उदयपुर के बाहरी इलाके में पहाड़ की पथरीली ढलान पर पहले से मौजूद थी। उदयपुर हेरिटेज टीम के सूत्रधार प्रवीण शर्मा ने कहा है कि इंटेक का दावा न सिर्फ झूठा है बल्कि अनावश्यक श्रेय लूटने के लिए है। कब्जा मुक्त कराए गए राजमहल के जीर्णोद्धार में इंटेक की भूमिका पर लगातार सवाल उठ रहे हैं और उनका कार्य स्तरीय नहीं है।

तीन सालों से वे महल की सफाई तक नहीं करा पाए हैं और अब पूरे उदयपुर में बिखरे स्मारकों में बिना पुरातत्व विभाग की अनुमति के ताका झांकी कर रहे हैं। इंटेक की मनमानी की गतिविधियों पर सवाल खड़े हैं। सूचना के अधिकार के तहत विभाग से जानकारियाँ मांगी जा रही हैं। उन्होंने विभाग से मांग की है कि उदयपुर में अब तक इंटेक द्वारा कराए गए कार्य का भौतिक परीक्षण कराया जाए। स्थानीय नागरिकों की राय भी ली जाए और बेहतर हो किसी जिम्मेदार एजेंसी को यह काम दिया जाए। उन्होंने कहा कि इंटेक को इतिहास का ही सही ज्ञान नहीं है। खुद इंटेक की टीम प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. सुरेश मिश्र की पहल पर पहली बार 2021 में उदयपुर आई थी। चार साल पहले तक इंटेक वालों को भोपाल में रहते हुए भी उदयपुर के बारे में कुछ पता नहीं था।

नटराज की मूर्ति कई दशकों से दूर से दर्शनीय है। यह किसी खंडहर की खुदाई में नहीं निकली क्योंकि नटराज के आसपास कोई खंडहर नहीं बल्कि एक पहाड़ी ढलान है। राज्य शासन ने इसे संरक्षित किया हुआ है, जहां एक केअर टेकर रहा है। इसकी सुरक्षा के लिए कई वर्ष पहले एक दीवार बनाई गई थी, जो आज भी है। प्रवीण शर्मा ने कहा कि अगर इंटेक की जगह पुरातत्व विभाग ने यह काम अपने हाथ में नहीं लिया तो जल्दी ही उदयपुर की असलियत से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा।

## एक दिवसीय कार्यशाला कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मोदीजी के कुशल नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास के ध्येय वाक्य को आगे बढ़ाते हुए अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण एवं हितार्थ वक्फ बोर्ड कानून में आवश्यक एवं अपेक्षित सुधार करते हुए वक्फ बोर्ड अधिनियम 2025 लागू किया गया है। इसी को लेकर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय, प्रदेश नेतृत्व द्वारा देशभर में वक्फ संसोधन विधेयक जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय को सरकार द्वारा उनके हितार्थ लिए गए निर्णयों की जानकारी दी जा सके।

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष समीर किरमानी ने बताया वक्फ संशोधन विधेयक अभियान के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला 22 अप्रैल को दो बजे से बरेठ रोड स्थित दादूजी प्लाजा में आयोजित की गई है। जिसमें वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा ।

इस जन जागरण अभियान मे सांसद, विधायक पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिलाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जिला प्रमुख, उप जिला प्रमुख, प्रधान, उप प्रधान, जिला जनपद पंचायत अध्यक्ष व सभी सदस्यगण, नगर पालिका अध्यक्ष एवं सभी पार्षदगण, जनपद पंचायत अध्यक्ष व सभी सदस्यगण उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला पदाधिकारी एवं सभी मोर्चों के मंडल अध्यक्ष, अल्संख्यक मोर्चा के मंडल महामंत्री नगर परिषद के सभी पार्षद की उपस्थिति अपेक्षित है।

### कार्रवाई की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**त्योंदा।** रविवार को त्योंदा तहसीलदार को अखिल भारतीय कुशवाहा समाज द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें आरोप लगाते हुए कहा गया है कि ग्राम लगधा निवासी बैजनाथ कुशवाहा का अपरहण किया गया एवं उनके साथ मारपीट की गई। जिसकी रिपोर्ट बैजनाथ की बहू सावित्री बाई द्वारा की गई। पर आज दिनांक तक त्योंदा पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस द्वारा अखिल भारतीय कुशवाहा समाज पर अत्याचार किया जा रहा है, इसके संबंध में अखिल भारतीय कुशवाहा समाज संघ द्वारा त्योंदा तहसीलदार अवधेश कुमार को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर कुशवाह समाज के अनेक समाजबंधु मौजूद थे।

### उफ यह गर्मी ....



**गंजबासौदा।** इन दिनों गर्मी का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, रविवार को तापमान 41 डिग्री सेल्सियश से अधिक रहा। ऐसे में घर से बाहर निकलने वाले महिला, पुरुष, युवतियां गर्मी से बचने अपना मुंह को दुपट्टे, रुमाल, गमछा से ढककर निकल रहे हैं।

### बचपन में भजन घी के समान होता है - सुनील शास्त्री

**गंजबासौदा।** बिजासन माता मंदिर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस की कथा में सुनील शास्त्री ने कथा के दौरान भक्त ध्रुव की जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने अनेक कथाओं का वर्णन किया। उन्होंने बताय कि बचपन में भजन को घी की तरह माना है और जवानी के भजन को दूध की तरह मान्यता दी है तथा वृद्धा अवस्था का भजन मही की तरह होता है। इसलिए जीवन के प्रारंभिक वर्षों में ही हर कार्य को पूर्ण करना अति आवश्यक है। कथा के दौरान भगवान भोलेनाथ की विवाह की मार्मिक कथा का वर्णन करते हुए कहा कि माता सती का अपने पति का भाग न होने के कारण देह त्याग का मार्मिक वर्णन सुनते हुए, अनेक कथाओं का चित्रण करते हुए प्रसंग सुनाए। इस अवसर पर माताएं एवं भक्तगण मौजूद रहे।



## फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप के विरोध में ब्राह्मणों ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रविवार को ब्राह्मण समाज ने एसडीओपी मनोज मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मुंबई में फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप द्वारा सोशल मीडिया पर ब्राह्मणों के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी का विरोध किया गया और उन पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मणों पर एक बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

जिसके चलते देशभर में ब्राह्मण समाज इस घटना को लेकर आक्रोशित है। रविवार को ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज के लोगों ने सिद्धेश्वरी मंदिर से एक समूह के रूप में जय स्तंभ चौक पहुंचकर एक मानव श्रृंखला बनाई और अनुराग कश्यप के खिलाफ नारेबाजी की। तत्पश्चात एसडीओपी मनोज मिश्रा के कार्यालय पहुंचकर, उनको ज्ञापन सौंपते हुए मांग कि ब्राह्मण समाज सदैव से अनुशासित और राष्ट्र भक्त समाज है।

फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप द्वारा अनावश्यक रूप से अपनी पब्लिसिटी के लिए ब्राह्मण समाज को अपमानित करने का कार्य किया है और एक बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी समस्त ब्राह्मण समाज पर की है। इस प्रकार की टीका टिप्पणी से देश एवं समाज में वैमनस्यता फैलती है। देश की शांति व्यवस्था भंग होती है इसलिए इसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए एफआईआर की जाए अन्यथा पूरे जिले भर में ब्राह्मण समाज चक्का जाम एवं धरना प्रदर्शन करेगी। समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि अनुराग कश्यप ने जो अभद्र टिप्पणी, ब्राह्मण समाज के खिलाफ की है, वह किसी भी प्रकार से बर्दास्त नहीं की जाएगी और समाज इसका जबरदस्त विरोध करेगी। आवश्यकता पड़ी तो जिले को भी बंद कराया जा सकता है।

ज्ञापन में समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा, वरिष्ठ पुरोहित एवं आचार्य केशव शास्त्री, पंडित रवि तिवारी, व्यापार महासंघ अध्यक्ष विपिन तिवारी, पंडित मुन्नालाल शास्त्री, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र पिंकू शर्मा, पवन रिछारिया, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, कृष्ण मोहन शर्मा, राजकुमार शुक्ला, गगन दुबे, अमित शुक्ला, मनीष पाठक साहित्य सैंकड़ों ब्राह्मण उपस्थित रहे।

## त्योंदा पुलिस ने किया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ त्योंदा

रविवार को त्योंदा पुलिस थाने में स्टाफ के सभी सदस्यों ने श्रमदान किया। जिसमें त्योंदा थाना प्रभारी बलवीर सिंह गौर, हेड कांस्टेबल बृजेश शर्मा, आरक्षक सत्येंद्र सिंह ठाकुर, आरक्षक प्रवेश सिंह, अनिल साहू सहित स्टॉफ द्वारा पेड़ पौधों में मिट्टी डालकर श्रमदान किया गया।

## रेलवे प्लेटफार्म पर लगे कचरे के ढेर



**गंजबासौदा।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के सभी प्लेट फार्मों पर साफ, सफाई न होने से गंदगी के अम्बार लग रहे हैं। प्लेटफार्म पर पानी पीने के स्टेण्ड की भी साफ, सफाई नहीं की जाती है। जिससे नलों के पास कुर्सियों पर बैठने वाले रेलयात्रियों को दुर्गन्ध आती रहती है जिससे रेलयात्री परेशान हो रहे हैं। वहीं पानी के स्टैंड की टोंटियां खराब पड़ी हुई हैं।

### नगरवासियों से श्रमदान दल लंबे समय से कर रहा अपील

## श्रमदान दल ने रिपटा घाट से निकाला भारी मात्रा में कचरा





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

साप्ताहिक श्रमदान अभियान 4.0 के 31 वें चरण के तहत बेतवा नदी के लिए समर्पित एक ओर प्रयास। संघर्ष और संकल्प का सिलसिला जब अधिकांश लोग छुट्टी के दिन आराम करते हैं, परिवार के साथ समय बिताते हैं, तब एक समर्पित टोली चुपचाप अपने जीवन का अमूल्य समय मां बेतवा की सेवा में समर्पित कर देती है। न कोई बैंड-बाजा, न कोई प्रचार-प्रसार, सिर्फ एक गहरा आत्मिक संबंध नदी से, प्रकृति से, जीवन से।साप्ताहिक श्रमदान अभियान 4.0 के 31वें चरण में भी यही तस्वीर उभरी। प्रत्येक रविवार की भांति, इस बार भी दल के सदस्यों ने तीन घंटे तक कठोर श्रम कर नदी के प्रवाह क्षेत्र और घाट किनारों से एकत्र किया एक ट्रॉली से अधिक कचरा निकाला गया। इस कचरे में प्रमुख रूप से प्लास्टिक की बोतलें, पॉलिथीन थैलियां, गुटखे-सिगरेट के खाली पाउच, टूटे हुए चप्पल-जूते, पूजन सामग्री के अवशेष, नहाने और तैराकी के बाद छोड़े गए गंदे कपड़े, धार्मिक अनुष्ठानों के झंडे और कचरे के अन्य अवशेष, मुंडन एवं दशा कर्म संस्कार के दौरान मुंडवाए गए बाल, जलकुंभी आदि निकाली गई। श्रमदान दल का मानना है कि सरकार या प्रशासनिक अधिकारियों से पहले जनमानस का दृष्टिकोण बदलना आवश्यक है। जब प्रत्येक व्यक्ति यह मानेगा कि नदी उसकी मां है और उसे गंदा करना स्वयं अपनी जड़ों को काटना है, तभी सच्चा परिवर्तन संभव है। नदी केवल जल की धारा नहीं, हमारी सभ्यता, हमारी संस्कृति और हमारा भविष्य है। जहां अधिकतर लोग त्योहारों, छुट्टियों और अपने निजी कार्यों में व्यस्त थे, वहीं इन श्रमदानियों ने बिना किसी अपेक्षा के, बिना किसी दिखावे के,मां वेत्रवती के आंचल को साफ कर सच्चे भक्त और सच्चे देशभक्त का उदाहरण प्रस्तुत किया।

### कृषि उपज मंडी में लगेगा वाटर कूलर और आरओ

**गंज बासौदा।** किसानों की बढ़ती संख्या और तेज गर्मी के कारण अतिरिक्त पानी की व्यवस्था किए जाने के आदेश मंडी प्रशासन और एसडीएम विजय राज द्वारा सचिव को दिए हैं। एसडीएम विजय राय ने बताया इसके चलते कृषि मंडी प्रांगण में भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए कृषि मंडी प्रांगण में अतिरिक्त वाटर कूलर, आरओ लगाने की व्यवस्था प्रारंभ की गई है। इसके लिए दिन रात काम चल रहा है। वाटर कूलर और आरओ लग जाने से कृषि मंडी में उपज लेकर आने वाले किसानों, मंडी में काम करने वाले मजदूरों शीतल पेयजल उपलब्ध होने लगेगा। अभी तक किसानों को मण्डी में पेयजल की समस्या आ रही थी। इस समस्या को ठीक करने के लिए तत्काल निर्देश दिए हैं साथ ही पेयजल की सुविधा उपलब्ध करने के लिए काम चल रहा है।


## 68वीं राष्ट्रीय थांगता प्रतियोगिता में नगर के सोमेश पुरोहित चयनित

**गंजबासौदा।** नगर के आचार्य विद्या वैली स्कूल के कक्षा 10 के खिलाड़ी सोमेश पुरोहित पुत्र संजय पुरोहित एडवोकेट का चयन 68 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा थांगता खेल प्रतियोगिता के हुआ है। यह प्रतियोगिता भारत की राजधानी नई दिल्ली में 21 से 27 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। जिसमे सम्पूर्ण भारत के राज्य और केंद्रशासित प्रदेश कुल यूनिट 41 राज्य सहभागिता कर अपना दम खम दिखाएंगे। उक्त खेल के प्रशिक्षक शुभम सेन के नेतृत्व में आचार्य विद्या वैली के सोमेश पुरोहित मध्य प्रदेश के दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। सोमेश पुरोहित की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालकगण प्रणय जैन, अशोक जैन, पंकज जैन शिक्षकों सहित शुभचिंतकों ने शुभकामनाओं के साथ विदा किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




**खबर संक्षेप**

## वरिष्ठ समाजसेवी बाबूराव जैन के निधन पर दी शोक श्रद्धांजलि



**सिरोंज।** विदिशा के वरिष्ठ पत्रकार अजय जैन के पिता वरिष्ठ समाजसेवी बाबूराव जैन का आकस्मिक निधन का हो गया। तो वही आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एंव सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने स्व बाबूराव जैन ने निधन पर शोक श्रद्धाजंलि अर्पित की। वही उन्होने कहा कि बाबूराव जैन के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। इस दुःख की घड़ी में, मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारजनों के साथ हैं। बाबूराव जैन के निधन से एक महान आत्मा का प्रस्थान हुआ है। उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए मैं शोकाकुल परिवारजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूं। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और शोकाकुल परिवारजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

## स्काउड गाइड के जिला सचिव हरिहर चतुर्वेदी के पिता का आकस्मिक निधन



**सिरोंज।** भारत स्काउड गाइड के जिला सचिव वरिष्ठ समाजसेवी शिक्षाविद हरिहर चतुर्वेदी के पिता रिटा. पटवारी राम नारायण चुतर्वेदी का आकस्मिक निधन हो गया। वही आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एंव भारत स्काउड गाइड के जिला उपाध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने राम नारायण चतुर्वेदी के निधन पर शोक श्रद्धाजंलि देते हुए कहा कि स्व राम नारायण चतुर्वेदी ने अपना पूरा जीवन धार्मिक एंव सामाजिक सेवाओं में ही समर्पित किया है। उन्होने हमेशा गरीबो की मदद के लिए आगे रहकर लडाई लडी है। उसी का परिणाम है कि उनके पुत्रगण सामाजिक सेवाओं में आज भी आग्रणी है।

## आकांक्षा अग्रवाल बनी मप्र अग्रवाल महासभा महिला इकाई की जिलाध्यक्ष

**सागर।** मप्र अग्रवाल महासभा महिला ईकाई की प्रदेशाध्यक्ष डॉ रश्मि अग्रवाल की सहमति से, मप्र अग्रवाल महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मित्तल ने आकांक्षा अग्रवाल को समाजसेवा में सक्रिय भागीदारी एवं अग्रवाल समाज को संगठनात्मक मजबूती प्रदान करने के उल्लेखनीय योगदान के लिए महिला महासभा का सागर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है । आकांक्षा अग्रवाल के जिलाध्यक्ष बनने पर शरद अग्रवाल संगम होटल, रवि अग्रवाल, अशोक अग्रवाल अप्सरा ज्वेलर्स, आलोक अग्रवाल, शिवकुमार भीमसरिया, मोहन अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, मधु अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, मायूरी पोद्दार, मोना अग्रवाल, ऋतु अग्रवाल, सुचित्रा अग्रवाल,रीति अग्रवाल, बरखा पोद्दार, वर्षा अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, ज्योति मलैया, समीक्षा आदि समाज जन ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। आकांक्षा अग्रवाल ने इस नियुक्ति पर प्रदेश इकाई के साथ साथ सभी बधाई दाताओं का आभार जताते हुए सभी के सहयोग से समाज हित में कार्य करने के अपने संकल्प को दोहराया ।

## नरवाई प्रबंधन रथ को हरी झंडी दिखाकर कलेक्टर ने किया रवाना

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने कृषि विभाग के नरवाई प्रबंधन रथ को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह नरवाई प्रबंधन रथ जिले के विभिन्न गांवों में जाकर किसानों को नरवाई जलाने के नुकसान और प्रबंधन के उपायों के बारे में जानकारी देगा और नरवाई न जलाने के लिए प्रेरित करेगा। कलेक्टर ने कहा कि इस नरवाई प्रबंधन रथ का उद्देश्य जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकना, खेतों की मिट्टी उपजाऊ बनाये रखना एवं जन धन हानि को रोकना है। इसमें उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, खाद्य आपूर्ति अधिकारी ज्योति बघेल आदि उपस्थित थे।

### मुनिश्री निलेश चंद्र व जैन समाज के राष्ट्रीय नेता हार्दिक का समाज को संदेश

# मुंबई में जैन मंदिर टूटने को लेकर देश भर में जैन समाज में आक्रोश

*आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया का मुंबई की महानगर पालिका प्रशासन से सवाल क्या पूरे महाराष्ट्र में जैन मंदिर ही गैर कानूनी है?, जरूरत पड़ी तो हम भी शस्त्र उठाएंगे : जैन मुनि निलेशचंद्र*





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

जहां पूरे देश में जैन मंदिर टूडे जाने को लेकर जैन समाज में आक्रोश है वही जैन समाज के राष्टीय नेता एंव आईजा के राष्टीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने मंदिर के मामले में आगे बडकर मुनि निलेशचन्द्र जी के नेतृत्व में दिगम्बर स्वताम्बर पंतो को टूडकर वह एकता का परिचय दिया है कि मुनिश्री निलेशचन्द्र व हार्दिक हुंडिया के इस त्याग और व्यवहार को देश भर में जैन समाज सलाम कर रही है। आज जो संदेश पूरे देश में गया है वास्तव में वह अमर रहेगा।

विले पार्ले ईस्ट में जैन दिगम्बर मंदिर टूटने से भारत के समग्र जैन समाज में आक्रोश है। परम कृपालु परमात्मा का मंदिर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री और महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री देवेंद्र फडणवीस के राज्य में टूटे यह बहुत बड़ी दुख की बात है। यह कहते हुए जैन समाज के अग्रणी हार्दिक हुंडिया ने बताया कि क्या पूरे भारत में महाराष्ट्र के विले पार्ले में ही जैन मंदिर ग़ैर क़ानूनी था। बीजेपी के शासन में मंदिर टूटना मतलब देश के धर्मप्रेमियों की आस्था पर हमला है। हार्दिक हुंडिया ने मंदिर के ट्रस्टियों से भी सवाल किया है की आज तक मंदिर को कानूनी क्यों नहीं कराया। तीस साल से मंदिर ग़ैर क़ानूनी जगह पर कैसे खड़े रहने दिया। कोर्ट का ऑर्डर आया तो क्यों आया,समाज को जवाब दो।

### मंदिर यदि रजिस्टर न हो तो जल्द कराएं

वहीं उन्होंने ने मुंबई महानगर पालिका के अधिकारियों से भी सवाल किया है की क्या मुंबई में सिर्फ पार्ले का ही मंदिर ग़ैर कानूनी है आपके म्युनिसिपालीटी के विभाग में और कोई ग़ैर क़ानूनी जगह नहीं है या फिर आप वो तोड़ना नहीं चाहते है मंदिर को ही आप ने निशाना क्यों बनाया। हार्दिक हुंडिया ने जैनो को दो हाथ जोड़कर के बिंनती करते हुए कहा कि अब जैनो के चारो संप्रदाय को अलग अलग भेदभाव भूल कर हमे एक होना पड़ेगा। आज विले पार्ले का मंदिर है। कल और कोई मंदिर को तकलीफ़ ना पहुंचे। उन्होने तमाम धर्मप्रेमियों से बिंनती है की आप जो भी जहां भी रहते हो वहां का मंदिर यदि प्राइवेट है और बिल्डर ने कहा हो या जिस ने भी बनाया हो, यदि उनका संचालन ट्रस्ट या संघ करता हो, लेकिन वो मंदिर अभी तक संघ के ट्रस्ट में रजिस्टर ना हो तो जल्द से जल्द पहले रजिस्टर करवा लो।

मुंबई के अंधेरी में जे बी नगर के एक जैन मंदिर को एक व्यक्ति ने ताला लगा दिया था, तीन दिन तक मंदिर बंद रहा ना पूजा,ना दर्शन,ना पक्षाल,जैनो के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ था। यह मंदिर तीन दिन बाद खुलवाने के लिये निलेश मुनि और मेरे द्वारा विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता की मेहनत से रात को 3 बजे यह मंदिर खुला था। शनिवार को मुंबई में विशाल जैनों की रेली निकली थी। उन्होने कहा कि अब ये एकता रुकनी नहीं चाहिये और जो भी ग़ैर कानूनी मंदिर है उनको क़ानूनी कार्यवाही करके रजिस्टर करा लेना चाहिए। वही जैन मुनी निलेशचन्द्र ने मंदिर तोड़े जाने की घटना पर विरोध जताते हुए कहा कि जब दूसरे समुदाय के लोग अपने धार्मिक स्थलों को बचाने के लिए हिंसा का सहरा ले सकते हैं तो हम भी शांतिप्रीय होने के बावजूद जरूरत पड़ी तो शस्त्र भी उठायेंगे और मरने मारने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

## बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं उन्हें सिर्फ हमारा समय चाहिए : श्वेता आंनद त्यागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



नगर के केडीबीएम इंटरनेशन स्कूल की डायरेक्टर श्वेता आंनद त्यागी ने हरिभूमि से विशेष चर्चा में कहा कि आज की तेज रफ्तार और तकनीक-प्रधान दुनिया में बच्चों के साथ समय बिताना किसी वरदान से कम नहीं। हमारे समाज और शिक्षा व्यवस्था के लिए यह विचार अत्यंत महत्वपूर्ण है कि बच्चों को दिशा देने के लिए सबसे पहले हमें उनके साथ खड़े होना होगा। श्वेता त्यागी प्रतिदिन बच्चों के बीच जाती हैं, उनसे संवाद करती हैं, उनका मन टटोलती हैं। उनका कहना है कि ह्लजब हम बच्चों से अपनापन और प्रेम से बातें करते हैं, तो वे झूठ नहीं बोलते। वे खुलकर अपने मन की बात बताते हैं। इससे न केवल उनके मनोभाव समझ में आते हैं, बल्कि हमें उन्हें सही दिशा देने का अवसर भी मिलता है। आज मोबाइल फोन की लत बच्चों के जीवन में सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। अनचाही चीज़ों के संपर्क में आने से बच्चों के विचारों में नकारात्मकता जन्म लेती है। इससे बचने का सबसे प्रभावी उपाय है। बच्चों को समय देना, उन्हें सुनी जाने वाली भावना देना जरूरी है। श्रीमति श्वेता आंनद त्यागी का मानना है कि हर बच्चे को सिर्फ शिक्षक या अभिभावक नहीं, एक सच्चे 'सहयोगी और संरक्षक'की ज़रूरत है। हमें अपने पैरेंटल भाव से बच्चों को 'क्वालिटी टाइम' देना होगा। तभी वे संस्कार, आत्मविश्वास और जीवन की दिशा पा सकते हैं। हमारे छोटे-छोटे प्रयास चाहे वो एक कहानी सुनाना हो, एक मुस्कान देना हो या उनकी बात ध्यान से सुनना,एक बड़े सामाजिक बदलाव की नींव बन सकते हैं। हमारा ज्ञान,हमारा अनुभव और हमारा साथ उनके जीवन को संवार सकता है। समाज के हर शिक्षक, अभिभावक और जागरूक नागरिक से यह अपील है कि वे बच्चों को समय दें, संवाद करें, और उनका विश्वास जीतें यही उनके उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी नींव है।





## पुंसवन संस्कार के साथ हुआ हवन, पूजन

***ग्यारसपुर।** खजियाबाग में दिव्य ज्योति कलश रथ यात्रा के दौरान ग्यारसपुर पंचायत के पूर्व सरपंच लीलाधर कुशवाह एवं अजब सिंह राजपूत के निज निवास पर हवन यज्ञ किया गया। साथ में पुंसवन संस्कार भी कराया गया। गायत्री परिवार की परिजन यज्ञाचार्य सुमन भादौरिया, वंदना श्रीवास्तव,उषा निरंजन ने संस्कार हवन यज्ञ कराया। उन्होंने कहा गर्भवती महिला द्वारा गर्भाधारण के तीन महीने बाद यह कराया जाने वाला हिन्दू धर्म के सोलह संस्कारो में दूसरा संस्कार है। इस संस्कार को करने से गर्भ में पल रहे शिशु की रक्षा होती है।*

## अंत्योदय समिति की बैठक विधायक शैलेंद्र कुमार जैन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न

**सागर।** नगर निगम की अंत्योदय समिति की बैठक नगर निगम की नव निर्मित भवन में विधायक शैलेंद्र कुमार जैन के मुख्य आतिथ्य, अंत्योदय समिति की नगर अध्यक्ष प्रतिभा रामेश्वर चौबे की अध्यक्षता एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, नगर निगम आयुक्त की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से विधायक जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम हमारी महत्वपूर्ण संस्था है जो हितग्राहियों से सीधे तौर पर जुड़ी हुई है और जैसे पेंशन, सामाजिक सहायता आदि विषयो का लाभ लोगों को अविलंब दिलाने का प्रयास करना चाहिए। बैठक में जानकारी दी गई कि लगभग 38 हितग्राहियों के प्रकरण स्वीकृत नहीं हो पाए हैं इसका कारण जागरूकता का अभाव और हितग्राही द्वारा औपचारिकताएं पूरी न किया जाना है। इस पर विधायक जैन ने निर्देशित करते हुए कहा कि हमे भी अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा इन सभी हितग्राहियों से संपर्क कर उनकी औपचारिकताएं पूरी कराकर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाकर एक नया मापदंड तैयार करें और लोगों के मन में नगर निगम और उसके कर्मचारियों के प्रति जो नकारात्मक भाव बना हुआ है उसे ठीक करने का प्रयास करें। बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा भी की गई।

### फर्जी डॉक्टर/ क्लीनिक पर जिले में अब तक 15 पर कार्रवाई, दस्तावेज की जांच में चल रहा था फर्जी खेल

# कलेक्टर के निर्देश पर सीएमएचओ, एसडीएम और बीएमओ की मालथोन, केसली में संयुक्त छापेमारी, कई क्लीनिक किए सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर संदीप जी.आर. ने जिले में फर्जी और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिसके चलते जिले में अब तक 15 ऐसे डॉक्टर, क्लीनिक पर कार्रवाई की जा चुकी हैं। बता दें कि कलेक्टर ने इंडियन मेडिकलएसोसिएशन (आईएमए), अस्पताल संचालकों और सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देशित किया था कि जिले में ऐसे डॉक्टरों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ममता तिमोरी, मालथोन एसडीएम मुनव्वर खान, तथा बीएमओ डॉ. शेखर श्रीवास्तव के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई।

बेसरा गांव में झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक निरीक्षण के समय बंद पाई गई। इसके उपरांत बेसरा उप स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। वहाँ मौजूद सीएचओ एवं आयुष मेडिकल ऑफिसर को सख्त निर्देश दिए गए कि भविष्य में झोलाछाप क्लीनिक चालू पाए जाने पर तत्काल मुख्यालय को सूचित करें। मालथोन शहरी क्षेत्र में बीएएमएस डिग्रीधारी डॉक्टर मनोज जैन की क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया। क्लीनिक को केवल आयुर्वेदिक पद्धति के लिए लाइसेंस प्राप्त है, लेकिन वहां एलोपैथिक इलाज किया जा रहा था। डॉक्टर को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देश दिए गए कि दो दिवस के भीतर सभी एलोपैथिक दवाइयां हटाएं, अन्यथा क्लीनिक सील कर दी जाएगी।

### इन पर हुई अब तक कार्रवाई

मेडिकल फर्जीवाड़े को रोकने और वैधानिक कार्रवाई करने के मामले में पीपुल्स हॉस्पिटल बीना, विप्लव विश्वास छोटी बंजरिया बीना, गुलाब पटेल छोटी बंजरिया बीना, समीर विश्वास बस स्टैंड देवरी, डॉ केसी पटेल रामधर तिराहा देवरी, गुरु दत्त अस्पताल डीडी पटेल रामधर तिराहा देवरी, इमाम खान सदर, डालचंद यादव सदर, सैयद अशरफ अली सदर, अरुण राय सदर, प्रीति अहिरवार जगदीशपुरा खुरई, दीपक जैन बंडा, डॉक्टर साहू बंडा, अरिहंत पैथोलॉजी लैब बंडा एवं राजा बाबू लोधी सहजपुर केसली शामिल हैं।

बंडा में अरिहंत नर्सिंग होम का निरीक्षण कर उसकी लैब को सील किया गया। सभी दस्तावेज जब्त कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपे गए।

देवरी में तीन झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक सील किए गए। बस स्टैंड पर स्थित बंगाली डॉक्टर समीर विश्वास की क्लीनिक को पुलिस व प्रशासन की टीम ने सील किया। मौके से एलोपैथिक दवाएं, एंटीबायोटिक, तथा सर्जरी में उपयोग होने वाले एनेस्थीसिया इंजेक्शन जब्त किए गए। डॉ. समीर विश्वास के पास कोई वैधानिक दस्तावेज नहीं मिले।क्लीनिक पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी के प्रमाणपत्र लगे थे, लेकिन इलाज एलोपैथिक तरीके से किया जा रहा था। डॉ. सी. पटेल, दामोदर पटेल और गुरुदत्त क्लीनिक पर छापामार कार्रवाई कर एलोपैथिक दवाएं जब्त की गईं और क्लीनिक सील किए गए। बीना तहसील छोटी बजरिया में दो अवैध मेडिकल क्लिनिक को सील किया गया। कोई मेडिकल डिग्री या रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया। बंडा तहसील ग्राम बिनायका में डॉ. मनीष वैद्य की 'दिव्यरत्न होम्यो क्लीनिक' और डॉ. उत्तम विश्वास की क्लीनिक बंद कराई गई।

### योग से स्वास्थ्य पुस्तक का विमोचन, पढ़कर करें अभ्यास

# योग को बढ़ाने में योग निकेतन की भूमिका अहमः विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



योग निकेतन योग प्रशिक्षण तिस्थान भोपाल रोड सागर में डा चंद्रप्रभा जैन द्वारा लिखित पुस्तक योग से स्वास्थ्य का विमोचन आज रविवार को विधायक शैलेंद्र जैन, योगाचार्य विष्णु आर्य और पूर्व विधायक भानु राणा ने एक गरिमामय कार्यक्रम किया। इस मौके पर नियमित योगाभ्यास शिविर और श्रीगायत्री धाम में हवन पूजा अर्चना की गई।विमोचन कार्यक्रम में विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि योग हमारी भारतीय संस्कृति को अपनाकर स्वस्थ्य बने रहने का आधार है।

सागर में योगाचार्य विष्णु आर्य और उनके द्वारा स्थापित योग निकेतन ने सागर ही नहीं पूरे बुंदेलखंड सहित देश प्रदेश में योग के प्रचार प्रसार में लंबे समय से अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। इसमें हम सभी शामिल है। इस दिशा में केंद्र और राज्य सरकार योग को बढ़ावा देने लगातार प्रयास कर रही है। हम सभी को नियमित योगाभ्यास करना चाहिए ताकि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वस्थ रह सके। उन्होंने कहा कि डा चंद्र प्रभा जैन द्वारा लिखित पुस्तक योग से स्वास्थ्य एक संग्रहणीय किताब है। इसको पढ़े और योगाभ्यास करे। यह किताब योगप्रेमियो को लाभदायक है। इस मौके पर संस्थान के संचालक और योग आयोग के जिला अध्यक्ष विष्णु आर्य ने कहा कि योग मानव जीवन के स्वस्थ्य रहने का मूल आधार है। हमें अपनी संस्कृति को अपनाना चाहिए । आज के माहौल में अनुशासित जीवन सिर्फ योग की शैली से आ सकता है। उन्होंने डा चंद्र प्रभा जैन और उनकी किताब को लेकर कहा कि डा जेन लंबे समय से पुलिस अकादमी और योग निकेतन से जुड़कर योग को बढ़ाने संकल्पित रही है। यह उनकी भावना है कि रिटायर्ड होकर उन्होंने सहज सरल भाषा में योग विषय पर किताब लिखी है। उनका प्रयास सराहनीय है। योग से स्वास्थ्य किताब की लेखिका और जवाहरलाल पुलिस अकादमी रिटायर्ड हुई प्रशिक्षिका डा चंद्रप्रभा जैन ने बताया कि मैने योग के जरिए ही सुखी और सहज जीवन बिताया है। मैने यह किताब योगाचार्य विष्णु आर्य के मार्गदर्शन में लिखी है। यह किताब गुरुजी को समर्पित है। इसके साथ ही मातापिता का सबल मिला। इस कार्य में मुझे अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राजेश चावला और उनकी पत्नी सुनीता चावला मुझे प्रेरणा दी और उत्साह बढ़ाया। में सभी की आभारी हूं। यह किताब इंदिरा पब्लिकेशन भोपाल द्वारा प्रकाशित है। पूर्व विधायक भानु राणा और पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी भगतसिंह ने डा चंद्रप्रभा जैन के प्रयास की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। विमोचन के पहले योग निकेतन में श्री यंत का श्रीसूक्त से अभिषेक और श्री ललिता त्रिपुरसुंदरी देवी के सहस्त्र नाम से कुमकुम से अर्चन किया गया। अतिथियों का स्वागत योग निकेतन परिवार के सदस्यों ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष राम नारायण यादव, कार्यक्रम संयोजक सुबोध आर्य, डा सतीश भाटी, लता भाटी, प्रेमलता भार्गव, साधना जैन आदि थे।

# कटरा क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों पर नगर निगम एवं पुलिस प्रसाशन ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार कटरा बाजार में पुनः अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही करते हुए सामग्री जब्त की गई। नगर निगम के अतिक्रमण अमले ने कटरा स्थित यातायात पुलिस चौकी से राधा तिराहा होते हुए गौरमूर्ति तीनबत्ती तक रोड़ पर अतिक्रमण को हटाया। इस दौरान विभिन्न दुकान दारों व्यापारियों द्वारा रोड पर रखे गए एडवरटाइजिंग बोर्ड, पाईप स्टेण्ड आदि सामग्री की जब्ती की कार्यवाही की गई और आगे से रोड पर अतिक्रमण कर सामग्री न रखने की समझाईस दी गई।

रोड पर अतिक्रमण कर ठेला लगाने वालों को भी समझाईस दी गई बार-बार कहने के बाबजूद यदि रोड पर अव्यवस्थितठेला लगाकर यातायात को प्रभावित करोगे तो हाँथठेला सामग्री सहित जब्त किया जायेगा और दोबारा वापिस नहीं किया जायेगा। निगम दल द्वारा रेहड़ी पटरी व फुटपाथ व्यापारियों को भी व्यवस्थित जगह पर दुकान लगाने हेतु समझाईस दी गई ताकि रोड पर विक्रय सामग्री फैलाने से यातायात बाधितन हो। गुरुवार को निगमायुक्त और पुलिस प्रशासन की सयुक्त कार्यवाही के बाद शनिवार को यह लगातार अतिक्रमण मुक्त करने की कार्यवाही करते हुए सभी रहवासियों दुकानदारों और अन्य व्यापारियों को कटरा की यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने में सहयोग हेतु प्रोत्साहित किया। दुकानदार अपनी दुकान की सामग्री दुकान हद में ही रखें।

## खबर संक्षेप

### 5 लाख की अड़ीबाजी करने वाला गिरफ्तार

**सीहोर।** बिलकिसगंज पुलिस को दो अलग-अलग मामलों में बड़ी सफलता मिली है। पहले मामले में 5 लाख रुपए की अड़ीबाजी करने वाले आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार किया गया। दूसरे मामले में अपहत नाबालिग बालिका को 48 घंटे में सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंपा गया। पहली घटना 14 अप्रैल की है। भोपाल के कोहेफिजा निवासी बिल्डर मोहम्मद माज शाम 5 बजे स्टे होम वीरपुर रोड बिलकिसगंज में जमीन देखने आया था। तभी वहां मोहम्मद यासीन उर्फ मजिस्ट्रेट पहुंचा। उसने कहा कि जमीन खरीदनी है तो 5 लाख रुपए देने होंगे। माज के मना करने पर आरोपी ने उसके ड्राइवर से झूमाझटकी की और मारपीट की। इस पर थाना बिलकिसगंज में मामला दर्ज किया गया। मामला गंभीर था। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को रातीबड़ स्थित राजोरिया होटल के पास से घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसे न्यायालय में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। दूसरे मामले में 13 अप्रैल को एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि 12 अप्रैल की रात नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया।

### ग्राम पंचायत की सहमति से पोकलेन से नगतरा के सरकारी तालाब की हो रही खुदाई

# मिट्टी निकालने से तालाब में बने गहरे गड्ढे, बरसात में बन सकते हैं मुसीबत

**ग्राम पंचायत की सहमति से नगतरा के सरकारी तालाब से कुछ दिनों से पोकलेन मशीन से मिट्टी निकाली जा रही है। वहीं मिट्टी निकालने से तालाब में गड्ढे होते जा रहे हैं। जो बारिश में मुसीबत बन सकते हैं। ग्रामीणों की आशंका है कि डंपरों से तालाब की मिट्टी बेची जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर जपं की ग्रापं नगतरा के सरकारी तालाब से कुछ दिनों से पोकलेन मशीन से मिट्टी निकाली जा रही है। लेकिन ज़रूरत से ज़्यादा मिट्टी निकालने से हुए गड्ढे मुसीबत सकते हैं। बताया जाता है कि ग्रापं की सहमति से तालाब गहरीकरण किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों व ग्रामीणों ने बताया कि तालाब में पिछले कुछ दिनों से पोकलेन मशीन से खुदाई की जा रही है। खुदाई में निकलने वाली मिट्टी डंपरों से आसपास के गांवों व शहर में डंप की जा रही है। मिट्टी निकालने से तालाब में गड्ढे होते जा रहे हैं। जो बारिश में मुसीबत बन सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि तालाब से लगे रेवा बनखेड़ी मार्ग से सोहागपुर जपं सीईओ एसके अग्रवाल आए दिन आते जाते हैं। लेकिन आश्चर्जनक है कि अब तक सीईओ साहब की नजर तालाब खुदाई से हुए गहरे गड्ढों पर नहीं पड़ी है। जबकि तालाब जपं क्षेत्र अंतर्गत ही है।

#### इस तरह हो सकता है घातक

ग्रामीणों ने बताया कि तालाब में बरसाती पानी जमा होने के बाद मवेशी पानी पीने आते हैं। तालाब में अभी हुए गहरे गड्ढे तब घातक सिद्ध हो सकते हैं। वहीं दीवाली के आसपास तालाब में कमल के हजारों फूल खिलते हैं। फूलों को तोड़ने बच्चे माता-पिता के साथ तालाब में उतरते हैं। ताकि दीवाली पर फूल बेच सकें। उथले तालाब से नागरिक आसानी से फूल तोड़ लेते हैं। लेकिन अब चूंकि तालाब गहरा हो चुका है, तो इससे कमल के फूल तोड़ना घातक हो सकता है।

#### कार्रवाई नहीं हमारा काम

शुक्रवार को हरिभूमि संवाददाता ने सोहागपुर जपं सीईओएस के अग्रवाल से चर्चा की। प्रतिनिधि ने बताया कि ग्रामीणों की आशंका है कि डंपरों से तालाब की मिट्टी ढोकर बेची जा रही है। जिस पर अग्रवाल ने कहा कि यह व्यवस्था ग्राम पंचायत की है। निर्धारित गहराई के नियम से अधिक खुदाई के सवाल पर अग्रवाल ने कहा कार्रवाई जपं की नहीं बल्कि राजस्व व खनिज विभाग की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि राशि ली जा रही है तो ग्रापं से जवाब मांगें। सीईओ संजय अग्रवाल के जवाब पल्ला झाड़ने वाले और टारने वाले नजर आए हैं। वहीं ग्रापं नगतरा सचिव राजेश रघुवंशी ने बताया कि जन सहयोग से तालाब की मिट्टी हटा रहे हैं। ताकि जलभराव हो व आसपास के जलस्त्रोत रिचार्ज हों। उन्होंने कहा कि मिट्टी बेची नहीं जा रही।

# युवक घर से भागी नाबालिग को ले गए उप्र, दुष्कर्म किया

### पुलिस ने यूपी से पकड़े दोनों आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




एक नाबालिग बालिका अपने घर में मोबाइल चला रही थी। पिता ने डांटा तो बालिका घर से भाग गई। जिसे ट्रेन में अकेला देख दो युवक उत्तर प्रदेश ले गए और एक ने दुष्कर्म किया। पुलिस आरोपियों को पकड़कर सोहागपुर लाई एवं शनिवार को न्यायालय में पेश किया है। सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान व थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर ने बताया कि नाबालिग बालिका 15 अप्रैल को ट्रेन में बैठकर चली गई थी। बालिका अहमदाबाद की ट्रेन में बैठ गई। जिसे अकेला देख दो युवक उसे बातों में बहला अहमदाबाद ले गए और बालिका के साथ एक आरोपी ने दुष्कर्म किया। 16 अप्रैल को बालिका घर में नहीं मिली तो पिता ने सोहागपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने भी तेजी बालिका की खोज शुरू की।

इस बीच बालिका ने ट्रेन से एक आरोपी के फोन से अपनी महिला परिजन को फोन लगाया। फोन की सिम को साइबर सेल की मदद से पुलिस ने ट्रैक किया। 18 अप्रैल को पुलिस साइबर सेल की सूचना पर प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश पहुंची। जहां से पुलिस ने बालिका को दस्तयाब कर आरोपियों को पकड़ा है।

#### उप्र निवासी हैं आरोपी

टीआई कंचन सिंह ठाकुर ने बताया कि आरोपी क्रमशः 21 वर्षीय सरफराज और 21 वर्षीय लवकुश निषाद अहमदाबाद में काम करते हैं तथा उप्र के प्रयागराज जिले की तहसील देवधाट थाना कोरपा निवासी हैं। सरफराज व लवकुश निषाद ने बालिका को पहले अहमदाबाद में रखा, जहां सरफराज ने बालिका के साथ दुष्कर्म किया। अगले दिन बालिका को आरोपी प्रतापगढ़ के समीप एक गांव में ले गए। जहां से उन्हें पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं 70(2) व 137(2) सहित पॉस्को एक्ट का अपराध दर्ज किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

# शा.शिक्षण संस्थानों के अवैध कब्जाधारियों पर की गई कार्रवाई

### सभी स्कूलों का किया जा रहा औचक निरीक्षण, पहले शहरी फिर ग्रामीण क्षेत्रों में हटाया जाएगा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



मध्य प्रदेश शासन एवं केंद्र सरकार के द्वारा शिक्षा के सफर को तय करने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है सांदीपनी स्कूल से लेकर पीएम श्री स्कूल तक अनेकों सुविधा बच्चों के लिए दी जा रही है प्रत्येक 3 किलोमीटर के पास स्कूल खोले जा रहे हैं सभी जगह लगभग भवन बने हुए हैं लेकिन लोग शिक्षा के इस मंदिर पर सहयोग न करते हुए अवैध कब्जा कर रहे हैं।

इस बात को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागी अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव ने बताया कि सरकारी स्कूलों पर अतिक्रमण करने वालों पर प्रशासन की कार्रवाई प्रारंभ हो चुकी है स्कूलों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है जिसमें उन्होंने बताया कि पहले दिवस में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सभी सरकारी परिसर में अतिक्रमण करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जावेगी प्राप्त जानकारी के अनुसार नायक तहसीलदार नीरज सिंह बेस को यह जवाबदारी सौंप गई है लगातार ग्रामीण शहरी क्षेत्र में स्कूल परिसर क्षेत्र पर अतिक्रमण करने वालों की सूचना प्रशासन को प्राप्त हो रही थी जिस पर अनुविभागी अधिकारी राजस्व ने संज्ञान में लिया और आदेशित कार्यवाही करने के लिए आदेश किया है जिसमें प्रशासनिक एकीकृत माध्यमिक शाला सेमरी रणधीर ग्राम पंचायत टेक पर ग्राम पंचायत बमोरी कला ग्राम पंचायत बकंज पहुंच कर जांच की गई जिसमें ठेका पर का निरीक्षण किया गया जिसमें एक शिक्षक अनुपस्थित महिला पाई गई मगर उन्होंने संबंध में उनके अवकाश आवेदन प्रधान पाठक के पास प्राप्त हुआ साथी स्कूल की जमीन पर एक परिवार का कब्जा पाया गया जिसे विधिवत्त कार्रवाई करते हुए हटाए जाने के आदेश पारित किए हैं शादी स्कूल छात्र-छात्राओं के परिजनों से संपर्क कर नियमित स्कूल पहुंचने की अपील की गई है इस तरह से ग्राम पंचायत पचलावारा में भी स्कूल को काफी बुरी तरह से व्यस्त किया जा रहा है बच्चों के शौचालय आदि को नुकसान पहुंचाया जा रहा है तथा स्कूल के पीछे बने हुए सरकारी भवनों पर ई ग्राम स्वराज भवन पर लोगों का कब्जा है इस कब्जे को भी आज दिनांक तक शासन के द्वारा नहीं हटाया गया है। इस मामले को संज्ञान में लेकर अतिक्रमण हटाने की बात ग्राम वासियों के द्वारा शासन से की गई है।

# गांधी चौक के सामने से हटाया अस्थाई दुकानों का स्थाई होता अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर







सोहागपुर शहर के मुख्य बाजार में गांधी मंच स्थित है। जिसके सामने अस्थाई दुकानों का मनिहारी बाजार लगता है। लेकिन यहां दुकानदारों द्वारा दुकानों को स्थाई रूप दिया जा रहा था। जिसका अतिक्रमण शनिवार को नगर परिषद ने हटाया है। नगर परिषद सोहागपुर प्रभारी सीएमओ जीएस राजपूत ने बताया कि गांधी मंच के सामने दर्जनों दुकानें अस्थाई रूप से लगाई जाती हैं।

लंबे समय से अस्थाई दुकानों के संचालक पलंग व टेबल रखकर दुकानों को स्थाई रूप दे रहे थे। व्यापारी रात्रि में सामग्री मौके पर ही छोड़ जाते थे। जिससे आवाजाही बाधित होती थी। वहीं दुकानदारों ने पॉलिथीन दुकानों के लिए बांध रखी थी। जिसके कारण क्षेत्र में हवा और रोशनी की व्यवस्था बाधित हो रही थी। जिसके चलते अस्थाई बाजार को स्थाई रूप देने की प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए अतिक्रमण व सामग्री हटाई गई है। राजस्व शाखा प्रभारी संजय परसाई ने बताया कि दर्जनों दुकानों की सामग्री हटाई गई है एवं कुछ बड़ी व भारी सामग्री जप्त भी की गई है। कार्रवाई के बाद क्षेत्र काफी खुला-खुला नज़र आया।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को व्यापारियों ने नप सीएमओ के नाम आवेदन दिया था। जिसमें उल्लेख था कि बाजार में शॉपिंग कांप्लेक्स के पीछे सामान्य सुलभ शौचालय बना है। जहां गंदगी व बदबू से व्यापारियों व ग्राहकों को परेशानी होती है। वहीं पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग भी व्यापारियों ने की थी। गांधी मंच के सामने अस्थाई दुकानों के स्थल पर व्यापारियों द्वारा पलंग, टेबल व पनी लगाने पर रोक की मांग भी की गई थी। आवेदकों के अनुसार गांधी मंच के सामने अस्थाई दुकानों के लिए दिया गया स्थल स्थाई दुकानों में बदल रहा है व आवाजाही प्रभावित होती है।

# फोरलेन-45 की सड़क पर खेत किनारे झाड़ियों में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



भोपाल-जबलपुर फोरलेन-45 पर शिवशक्ति रिसोंट से कुछ दूरी पर एक खेत के किनारे झाडियों में अज्ञात की लाश देखी जाने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। लाश के सिर पर चोट और लाश पुरानी होने से क्षतविक्षत होने से चेहरा पहिचान में नहीं आ रहा था। थाना प्रभारी कपिल गुप्ता अपनी टीम के साथ्ज्ञ घटना स्थल पर पहुंचे। लाश की तलाशी में आधार कार्ड, एक डायरी और कुछ रूपये मिले है। आधार कार्ड में नाम राजेश दर्ज था, इसी आधार पर पुलिस ने मृतक की पत्नी और भाई से हैदराबाद तेलांगना संपर्क किया है।

पुलिस के अनुसार मृतक राजेश 9 दिन पूर्व हैदराबाद से यूपी के लिए निकला था, और वापिस घर नहीं पहुंचा। हैदराबाद का व्यक्ति बरेली कैसे आ गया और उसकी मौत कैसे हुई। पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। फिलहाल पुलिस मृतक के परिजनों के बरेली आने का इंतजार कर रही है।

# हनुमान जन्मोत्सव की खुशी में मना धूमधाम से उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



श्री हनुमानधाम मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने के बाद जन्म की खुशी में उत्सव भी मनाया गया। माता अंजनि के घर रामभक्त हनुमान जी के आने की खुशी में मंगल गीत और बधाइयां हुईं। मंदिर समिति सदस्य लखन बैस ने कहा कि पहली बार यह नया उत्सव प्रारंभ किया गया। बाल हनुमान जी की झांकी सजाई गई, उनके आसपास बच्चों के खिलौने, गदा, लड्डु, फल, चाकलेट, चिप्स की झांकी सजाई गई। महिलाओं ने हनुमान जी के जन्म की खुशी में मंगल गीत एवं बधाई की पेशकश की, इसके बाद यहां आए बच्चों को हनुमान जी के जन्मोत्सव की खुशी में खिलौने, चाकलेट एवं चिप्स का वितरण किया गया। बैस ने बताया कि हर साल यह उत्सव भी मनाया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अर्जुन सोनी लंकेश परिवार द्वारा बधाई गीत का आयोजन किया गया था।

# आईपीएल सट्टा खिलाने वाले गिरोह की पुलिस ने की धरपकड़

### सात आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण किया गया दर्ज, चार मोबाइल के सहित 3900 नगदी की गई बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली




जब से आईपीएल क्रिकेट मैंच शुरू हुए है। हमेशा की तरह नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में आईपीएल मैचों पर सट्टा खेलने खिलाने गिरोह सक्रिय बने हुए थे। लंबे समय बाद पुलिस ने महेशपुरम कालौनी में निवास करने वाले ऋषिराज राजपूत के यहॉ मुखबिर की सूचना पर छापामार कार्यवाही की। पकडे गए राजपूत से हुई पूछताछ से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के साथ बेगमगंज तक आईपीएल सटोरियों के तार जुडे और विभिन्न आईडी बना कर व्यापक स्तर पर सट्टा खिलाने का अवैध कारोबार पकड में आया। थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने बताया कि 7 आरोपी के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर 4 मोबाइल और 3900 रू. नगदी जप्त किए जाने की कार्यवाही की गई।

पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अवैध गतिविधियां रोकथाम अभियान के अंतर्गत महेशपुरम कालौनी में ऋषिराज राजपूत के निवास पर छापामार कार्यवाही की गई। जो ऑनलाईन आईडी बना कर आईपीएल मैंचो पर हार-जीत का दांव लगा कर सट्टा लिख रहा था। पूछताछ में नगर के जैन मोहल्ला निवासी शरद राय की यूजर आई.डी. में 4 लाख 73 हजार 870 रू. का बैलेंस दूसरी आईडी बेगमगंज निवासी राजेश जैन जिसमें करीब एक लाख 70 हजार 386 रू. बैलेंस है। इसी के साथ छोटी-छोटी आईडी बना कर क्रमशः ब्रजेन्द्र पटेल निवासी किनगी, देवेन्द्र धाकड़ निवासी नयागांव कलां, गुरारिया रोड पर रहने वाले रजनीश चतुर्वेदी, शैलेन्द्र वर्मा निवासी जैन मोहल्ला इत्यादि के साथ संगठित रूप से आईपीएल क्रिकेट मैचो पर सट्टा खिलाने की जानकारी पुलिस को दी गई। गिरोह द्वारा नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र में आईपीएल मैंचो पर व्यापक रूप से प्रतिदिन सट्टा खिलाने की जानकारी मिली।

#### चार मोबाइल 3900 नगदी की जप्त

पुलिस की टीम जिसमें टीआई कपिल गुप्ता, उप निरीक्षक दीपक वर्मा, सहा.उप.नि. रानी चौहान, प्र.आ.श्याम सिंह राजपूत, राजेश राजपूत, नारायण भार्गव, आ.महेन्द्र राजावत, विकास तिवारी, मुकेश पटेल इत्यादि की टीम द्वारा ऋषिराज राजपूत से एक मोबाइल 3900रू. नगदी, शरद राय, शैलेन्द्र वर्मा, देवेन्द्र धाकड़ के पास से एक-एक मोबाइल जप्त किया। पुलिस ने 7 आरोपियों के विरूद्ध सार्वजनिक जुंआ अधिनियम की धारा 314 एवं 112 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच कार्यवाही की जा रही है।

# आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता कर रही हैं जनसंख्या का सर्वे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

इन दिनों शहर के प्रत्येक वार्ड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा आशा कार्यकर्ता द्वारा घर-घर जनसंख्या सर्वे किया जा रहा है। सर्वे में प्रत्येक घर में पहुंचकर सभी सदस्यों की संख्या पूछी जा रही है। प्रत्येक घर में निवासरत सभी दर्ज सदस्यों के आधार कार्ड नंबर व फैमिली आईडी नंबर की जानकारी ली जा रही है।

नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि उक्त कार्य के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र के अंतर्गत आबादी क्षेत्र की कुल जनसंख्या प्राप्त की जा रही है। इसमें नागरिकों के आधार कार्ड में उल्लेखित नाम की सही-सही स्पेलिंग अनिवार्य रूप से पूछी जा रही है। एवं आधार कार्ड से लिंक्ड मोबाइल नंबर भी विवरण लिया जा रहा है। गौतम वार्ड आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रों के अंतर्गत आने वाले आबादी क्षेत्र की जनसंख्या का आंकड़ा डाटा कलेक्शन के माध्यम से प्राप्त किया जा रहा है।

### ब्राह्मण समाज 30 अप्रैल को वाहन रैली 2मई को भव्य शोभायात्रा निकलेगा

**पिपरिया ।** पिपरिया ब्राह्मण समाज के द्वारा बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े हरशु दास के साथ मनाया जाएगा इस बार 30 अप्रैल 2025 को अक्षय तृतीया पर सुबह 8:00 बजे गंगेले परिसर में पूजन किया जावेगा 30 अप्रैल को ही पचमढ़ी रोड चिंता हरण हनुमान मंदिर से वाहन रैली निकाली जावेगी तथा 2 /5/ 2025 को सुबह यात्रा निकाली जावेगी जो भी चिंता हरण हनुमान मंदिर से शुरू होकर पत मंदिर सांडिया रोड पर समाप्त होगी यात्रा प्रारंभ शाम 4:00 बजे से होगी सामाजिक रेस में सभी को उपस्थित होने की अपील की गई है।

### विवि परिसर के विभिन्न स्थानों पर रखे गए मिट्टी के बर्तन

# वीआईटी विवि की एनएसएस इकाई ने दाना-पानी अभियान का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर






जब सूरज सिर पर होता है और धरती तप रही होती है, तब एक कटोरा पानी और कुछ दाने किसी परिंदे की जान बचा सकते हैं। इसी भावना को साकार करते हुए, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दाना-पानी अभियान का आयोजन किया गया।

यह अभियान न सिर्फ पक्षियों के प्रति करुणा और दया का प्रतीक है, बल्कि प्रकृति से जुड़ाव और सेवा भावना को भी दर्शाता है। इस अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर मिट्टी के बर्तन रखे गए, जिनमें नियमित रूप से पक्षियों के लिए दाना और पानी भरा जाएगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद भट्ट ने बताया कि यह एक छोटा लेकिन सार्थक प्रयास है, जिससे छात्रों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और ज़िम्मेदारी की भावना उत्पन्न होती है। उन्होंने यह भी कहा कि के स्वयंसेवक नियमित रूप से इन बर्तनों की देखरेख करेंगे। इस अवसर पर डॉ. देवव्रत गुप्ता (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी) घनश्याम बामनिया राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व स्वंय सेवक व सहायक प्राध्यापक स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर, सत्य साईं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एन्ड मेडिकल साइंसेज सीहोर सहित कई संकाय सदस्य और छात्र स्वयंसेवक रिषभ काबरा, खुशी उपस्थित रहे। सभी ने इस नेक अभियान की सराहना करते हुए इसे लगातार जारी रखने का संकल्प लिया।